लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

संख्या–264(i)/03/ई–3/2022–23

प्रयागराज, दिनांकः 10 मई, 2023

विज्ञप्ति

उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जू0डि0) (मुख्य) परीक्षा–2022 दिनांक 23.05.2023 से 25.05.2023 तक प्रयागराज व लखनऊ जनपदों में, प्रथम सत्र 9.30 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय सत्र 2.00 बजे अपराह्न से सायं 5.00 बजे तक सम्पन्न होनी है। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन की निर्धारित **अंतिम तिथि 10.01.2023** तक आवेदित पद हेतु अनिवार्य अर्हता धारित करते हों, वे ही मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हों। किसी भी स्तर पर यह तथ्य प्रकाश में आने पर कि अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि तक प्रक्रिया अथवा अर्हता पूर्ण नहीं की गयी है तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

2. अभ्यर्थी उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र आयोग की बेवसाइट **https://uppsc.up.nic.in** से डाउन लोड कर प्राप्त कर लें। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो मुद्रित न हो, वे आई0डी0 प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ लेकर संबंधित केन्द्र पर उपस्थित हों अन्यथा उन्हें परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

(अजय कुमार तिवारी)

परीक्षा नियंत्रक